कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

UTTARAKHAND

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांकः– 2029 / 18 mg दिनांकः-24/9/2020

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत दरमोली–पिठौली सम्पर्क मोटर मार्ग हेतु 1.19 हैक्टयेर वनभूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन किये जाने के संबंध में। (FP/UK/ROAD/8248/2014)

संदर्भः– भारत सरकार के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/091/2018/एफ0सी0/1114 दिनांक 28.03.2020 एवं आपका पत्रांक 714/एफ0पी0/यू0के0/रोड़/8248/2014 दिनांक 04.09.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराया जाना है कि उक्त मोटर मार्ग के लिए दो सम्भावित समरेखणों पर समरेखण सर्वेक्षण का कार्य किया गया था, जिसमें से वैकल्पिक समरेखण से ग्राम दरमोली एवं पिठौली के ग्रामीणों को बराबर लाभ नहीं मिल पा रहा था, तथा वैकल्पिक समरेखण में अधिक मोटाई के काफी अधिक संख्या में विभिन्न प्रजाति के वृक्ष प्रभारित हो रहे थे एवं इस समरेखण में भू–वैज्ञानिक के दृष्टिकोण से मोटर मार्ग निर्माण हेतु शैल उचित नहीं है, तथा भूमि का ढलान तीव्र होने से मोटर मार्ग निर्माण के लिए अधिक ऊचांई की कटिंग होने से भू–क्षरण की सम्भावना के दृष्टिगत सक्षम अधिकारी द्वारा वैकल्पिक समरेखण को निरस्त किया गया है, तथा वर्तमान में प्रस्तावित समरेखण ही भू–वैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण से मोटर मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त माना गया है, जिससे स्थानीय जनता भी सहमत है। इस समरेखण का वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव नियमानुसार गठित कर आपको जनहित के लिए वनभूमि की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया हैं सुलभ संदर्भ हेतु समरेखणों का तुलनात्मक विवरण एवं भू–वैज्ञानिक आख्या संलग्न की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि स्थानीय जनता के जनहित को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में उक्त मोटर मार्ग निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। कृपया इस मार्ग की वनभूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि मोटर मार्ग की सुविधा वांछित स्थानीय लोगों को उपलब्ध करायी जा सके।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार 14 पृष्ठ।

भवदीय

24/09/2020

(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल।

24/09/2020

पत्रांकः– / दिनांकः– / /2020

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़ देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल को भारत सरकार के उक्त संदर्भित पत्र के कम में इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया प्रस्ताव पर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कर उच्चाधिकारियों को आन लाईन प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि वन भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति शीघ्र प्राप्त की जा सके।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल

Add. Attachment - 2.4



# प्रस्तावित समरेखण एवं वैकल्पिक समरेखण का तुलनात्मक विवरण

| क्र.सं. | प्रस्तावित समरेखण | वैकल्पिक समरेखण |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय जनता के हित को देखते हुए दरमोली एवं पिठोली दोनों गांवों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समरेखण उचित है। | अधिकांश जनता असन्तुष्ट है । दोनों गांवों को बराबर लाभ नहीं मिल पा रहा है। |
| 2. | भौगोलिक संरचना के अनुसार इस समरेखण पर मोटर मार्ग का निमार्ण सुगम तथा ढलान कम होने से भूमि का कटाव कम होगा। | इस समरेखण में भू–वैज्ञानिक के दृष्टिकोण से मार्ग निमार्ण हेतु शैल उचित नहीं है तथा जमीन का ढलान तीव्र होने से अधिक ऊंचाई की कटिंग होगी जिससे भूक्षरण की अधिक संभावना है। |
| 3. | इस समरेखण के अर्न्तगत कम मोटाई के कुल 217 वृक्ष चीड़, काफल, अयार, मेहल आदि प्रभावित हो रहे हैं। | इस समरेखण के अर्न्तगत अधिक मोटाई के काफी अधिक संख्या में विभिन्न प्रजाति के वृक्ष प्रभावित होंगे। |
| 4. | इस समरेखण में बिना हेयर पिन बैण्ड के मार्ग निमार्ण किया जायेगा। | इस समरेखण में हेयर पिन बैण्ड होने के कारण काफी भूमि का कटाव होगा। |
| 5. | इस समरेखण में बांज वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे हैं। | इस समरेखण में बांज वृक्ष प्रभावित होंगे। |

अतः प्रस्तावित समरेखण को भू–वैज्ञानिक की आख्या के अनुसार उचित पाये जाने एवं कम वृक्ष प्रभावित होने तथा बांज वृक्ष प्रभावित न होने व कम भूमि के कटाव होने के कारण तथा आम जनता की सुविधा को देखते हुए सर्वथा उचित पाये जाने पर स्वीकृत किया गया।

J.E

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि० विभाग
नैनीताल।

अधिशासी अभियन्ता
नि०ख०लो०नि०वि०
नैनीताल

Add. Attachment - 2.28



# भूगर्भीय निरीक्षण आख्या

भूगर्भीय निरीक्षण आख्या आर0 सी0 यू–30/सड़क संरेखन/कुमाऊँ/2009

## जनपद नैनीताल में एस0सी0पी0योजना के अन्तर्गत दरमोली –पिठौली सम्पर्क मोटर मार्ग, प्रस्तावित लम्बाई 4कि0मी0 सड़क संरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

Photo copy Attested

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल

नवम्बर, 2009

Add. Attachment - 2.28 (56)

# जनपद नैनीताल में एस0सी0पी0योजना के अन्तर्गत दरमोली –पिठौली सम्पर्क मोटर मार्ग,प्रस्तावित लम्बाई 4कि0मी0 सड़क संरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

**1.प्रस्तावना:**

निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग ,नैनीताल के अधीन दरमोली–पिठौली मोटर मार्ग का निर्माण करना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल के द्वारा किये गये अनुरोध पर स्थल निरीक्षण दि0 7/11/2009 को श्री जे.सी. पाण्डे, सहायक अभियन्ता एवं श्री जी.सी.तिवारी ,कनिष्ठ अभियन्ता की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। स्थल का निरीक्षण –स्थल की संरचना, बनावट, भूकम्पीय एवं पर्यावरण परिस्थितिकी के अध्ययन हेतु किया गया ताकि प्रस्तावित भू–भाग में मोटर मार्ग के निर्माण हेतु आवश्यक सुझाव दिये जा सकें

**2.स्थिति:**

प्रस्तावित सड़क सरेखन क्वारब–मौना–सरगाखेत मोटर मार्ग के कि0मी0 26से प्रारम्भ होता है एवं पिठौली में श्री विशनलाल एवं श्री बचीराम के मकान से 100मी0 आगे समाप्त हो जाता है। स्थिति के लिए मानचित्र एवं फोटोग्राफ संलग्न हैं।

**3.भूगर्भीय स्थिति:**

प्रस्तावित सड़क संरेखन सैन्ट्रल हिमालयन सेक्टर के अन्तर्गत कुमायूॅ में मध्य हिमालय में स्थित हैं। स्थल पर अल्मोड़ा क्रिस्टलाइन समूह की सरयू फारमेशन की चट्टानें दृष्टिगोचर होती हैं। ये चटटाने क्लोराइट –बाओटाइट सिस्ट, बायोटाइट क्वार्ट्जाइट तथा ओगन नाइस की है। इस संरेखन स्थल पर स्थित चटटानों पर किया गया भूगर्भीय अध्ययन इस प्रकार है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.150–330 | दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम | $41^0$ | उत्तर पूर्व | नति |
| 2.120–300 | दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम | $27^0$ | उत्तर पूर्व | नति |
| 3.130–310 | दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम | $46^0$ | उत्तर पूर्व | नति |
| 4.155–335 | दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम | $52^0$ | दक्षिण पश्चिम | ज्वाइट प्लेन |
| 5.20–200 | उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम | $90^0$ | वर्टिकल | ज्वाइन्ट प्लेन |
| 6.30–210 | उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम | $67^0$ | उत्तर पूर्व | ज्वाइन्ट प्लेन |
| 7.60–240 | उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम | $54^0$ | दक्षिण पूर्व | ज्वाइन्ट प्लेन |

8.170–350 दक्षिण पूर्वदक्षिण–उत्तर पश्चिम उत्तर $68^0$ पूर्व उत्तर पूर्व ज्वाइन्ट प्लेन

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल

उपरोक्त अध्ययन से ज्ञात होता है कि संरेखन स्थल पर स्थित चट्टाने 27° से 46° के मध्य उत्तर पूर्व दिशा की ओर झुकी हैं एवं इन चट्टानो पर 4सेट से अधिक ज्वाइन्ट प्लेन विकसित हुए है।

4.स्थल वर्णन:

प्रस्तावित सड़क संरेखन क्वारब –मौना–सरगाखेत मोटर मार्ग के कि0मी0 26से प्रारम्भ होता है। पहाड़ी का ढ़लान सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत उत्तर पूर्वी है। यह संरेखन 13 सूखे एवं 3पेरिनियल नालों से होकर गुजरता है। अधिकांश सूखे नाले प्रथम आर्डर के हैं। संरेखन का पहला पेरिनियल नाला जो 690मी0 पर स्थित है की चौडाई 4मी0 की हैं। यह संरेखन पिठौली में श्री राजगोपाल के मकान के ऊपर की ओर स्थित पहाड़ी से श्री चन्द्र लाल /कमलापति एवं श्री बहादुर सिंह के मकान के ऊपर की ओर खेतो से आगे निकलकर प्राइमरी पाठशाला पिठौली के पास एक हेयर पिन बैण्ड की सहायता से श्री विशनलाल एवं श्री बची राम के मकान से आगे 100मी0 की दूरी पर समाप्त हो जाता है। यह संरेखन 1:20के राइज,1:24के राइज तथा लेवल में प्रस्तावित है संरेखन के भू–भाग की भूगर्भीय स्टेट्रीग्राफी इस प्रकार है।

मिट्टी की परत
डेब्रिस
क्लोराइट बाओटाइट सिस्ट
बायोटाइट क्वार्ट्जाइट
ओगन नाइस

**5.स्थाईत्व का विचार:**

सड़क संरेखन की स्थल संरचना,बनावट ,भूकम्पीय,भूगर्भीय एवं पर्यावरण परिस्थितिकी के अध्ययन के उपरान्त मोटर मार्ग के स्थाईत्व के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार करना आवश्यक है।

1–यह संरेखन मध्य हिमालय पर्वतीय क्षेत्र में प्रस्तावित है।
2–प्रस्तावित संरेखन में 13 नाले सूखे एवं 3नाले पेरिनियल है।
3–मार्ग का ग्रेडिएन्ट 1:20के राइज,1:24के राइज एवं लेवल पर प्रस्तावित है।
4–संरेखन सामान्य ढलान श्रेणी के ढलान पर प्रस्तावित है।
5– संरेखन नाप व वन भूमि से होकर गुजरता है।
6–संरेखन में एक हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है।
7–भूकम्प की दृष्टि से यह भू –भाग जोन IV के अन्तर्गत है।

छायाप्रति प्रमाणित

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल

Add. Attachment - 2.28 (58)

8—संरेखन गॉव में स्थित मकानों के आस —पास से भी गुजरता है।

**6.सुझाव:**

इस संरेखन स्थल की संरचना ,बनावट,भूकम्पीय,भूगर्भीय एवं पर्यावरण परिस्थितिकी के अध्ययन के उपरान्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु निम्नलिखित सुझाव दिये जाते है।

1—सूखे एवं पेरिनियल नालों पर स्कपर/डवल स्कपर/कल्वर्ट एवं काजवे का निर्माण किया जाय।

2—690मी0 पर स्थित पेरिनियल नाले पर 4मी0की पुलिया का निर्माण किया जाय।

3—पहाड़ी की ओर नालियों का निर्माण किया जाय।

4—सड़क निर्माण के समय विस्फोटक सामाग्री का उपयोग न किया जाय।

5—भूकम्पीय मानको के अनुरुप उपाय किये जाय।

6—गॉव आस —पास मार्ग निर्माण के समय ही पैरापिटों का निर्माण किया जाय।

7—पर्वतीय क्षेत्रों में बनने वाले मोटरमार्गो के निर्माण के लिए निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानकों एवं विशिष्टियों का पालन किया जाय।

8—मार्ग निर्माण के समय मिलने वाले नाप खेतों से टाप सायल को संरक्षित किया जाय।

9—हेयर पिन बैण्ड को मानको के अनुरुप बनाया जाय।

**7.निष्कर्ष:**

उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए दरमोली—पिठौली मोटर मार्ग का 4कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण करना उपयुक्त प्रतीत होता है।

**टिप्पणी:**

स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारियों के समक्ष विस्तृत विचार विमर्श किया गया। एक अन्य संरेखन का भी अध्ययन किया गया जो पिठौली गॉव के नीचे पूर्व में वने मार्ग से है में गॉव के कुछ लोगों के विरोध के चलते एवं हेयर पिन बैण्डस की अधिकता के कारण उपयुक्त नहीं पाया गया। /


Photo copy Attested


सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो०नि०वि०
नैनीताल

डा0आर0 सी0 उपाध्याय
भू—वैज्ञानिक
आर0 क्यू0पी0/डी डीएन/147/2002—ए0

Add. Attachment - 2.28

(59)









Photo Copy Attested

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल



प्रस्तावित सड़क संरेखन का प्रारम्भिक भाग।



प्रस्तावित सड़क संरेखन का अन्तिम बिन्दु।

फोटोप्रति प्रमाणित

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०
नैनीताल